भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3015
18 दिसंबर, 2025 को उत्तर देने के लिए

तेलंगाना में मेगा फूड पार्क

3015. श्री अरविंद धर्मापुरीः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 2014 से तेलंगाना में स्वीकृत मेगा फूड पार्क, एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर और कोल्ड चेन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) इन परियोजनाओं हेतु आवंटित और उपयोग की गई कुल धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ग) राज्य में समर्थित किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की संख्या कितनी है;
(घ) क्या परियोजना कार्यान्वयन में कोई विलंब या बाधाएँ चिह्नित की गई हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) तेलंगाना में मूल्य संवर्धन और खाद्य प्रसंस्करण क्षमता सुदृढ़ करने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क) और (ख): प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत 2014 से तेलंगाना में मंज़ूर किए गए मेगा फ़ूड पार्क**,** कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर और कोल्ड चेन परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है । 31.10.2025 तक, इन परियोजनाओं के लिए कुल ₹236.21 करोड़ अनुदान सहायता के तौर पर मंज़ूर किए गए हैं, जिसमें से ₹159.40 करोड़ सब्सिडी के तौर पर जारी किए जा चुके हैं।

(ग): पीएमकेएसवाई के तहत तेलंगाना राज्य में कुल 46 खाद्य प्रसंस्करण यूनिट्स को मदद दी गई है। अभी तक, पीएमकेएसवाई के तहत तेलंगाना में किसान उत्पादक संगठन (एफ़पीओ) श्रेणी की किसी भी परियोजना को मदद नहीं दी गई है।

(घ): परियोजना कार्यान्वयन में देरी, यदि कोई हो, तो मुख्य रूप से संबंधित एजेंसियों (राजस्व प्राधिकरण, नगर नियोजन, विद्युत प्राधिकरण, जल प्राधिकरण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लाइसेंसिंग प्राधिकरण इत्यादि सहित) से वैधानिक मंजूरी प्राप्त करने में देरी, सावधि ऋण स्वीकृति और संवितरण में देरी, आवेदकों द्वारा सामना की जाने वाली वित्तीय बाधाएं, कोविड व्यवधान इत्यादि जैसे कारकों के कारण हुई है।

(ङ): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक केंद्रीय क्षेत्र अम्ब्रेला स्कीम "प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई)" लागू कर रहा है, जिसके तहत उद्यमियों को खेत से लेकर रिटेल आउटलेट्स तक कुशल सप्लाई चेन मैनेजमेंट के साथ आधुनिक अवसंरचना बनाने के लिए वित्तीय मदद दी जाती है, जिससे देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा मिलता है। पीएमकेएसवाई मांग पर आधारित है और तेलंगाना समेत पूरे भारत से अभिरुचि कीअभिव्यक्ति(ईओआई) के ज़रिए आवेदन मंगाए जाते हैं। पीएमकेएसवाई की किसी भी घटक योजना के तहत राशि राज्य- वारआवंटित/मंज़ूर/जारी नहीं की जाती है।

*****

अनुबंध

दिनांक 18.12.2025 को उत्तर हेतु "तेलंगाना में मेगा फ़ूड पार्क" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3015 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

पीएमकेएसवाई के तहत 2014 से तेलंगाना में मंजूर किए गए मेगा फ़ूड पार्क, कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर और कोल्ड चेन प्रोजेक्ट की जानकारी							
क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**ज़िला**	**अनुमोदन की दिनांक**	**परियोजना लागत (करोड़ रुपये में)**	**स्वीकृत अनुदान सहायता (करोड़ रुपये में)**	**जारी अनुदान सहायता (करोड़ रुपये में)**	**स्थिति**
मेगा फ़ूड पार्क योजना (एमएफपी)							
1	स्मार्ट एग्रो फ़ूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड	निजामाबाद	10-06-2015	108.95	50	44.99	प्रचालित
2	तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (टीएसआईआईसी)	खम्मम	05-02-2016	109.59	49.79	28.49	कार्यान्वयन के अंतर्गत
एकीकृत शीत श्रंखलाऔर मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना (कोल्ड चेन)							
3	प्रसाद सीड्स प्राइवेट लिमिटेड	मेडक	11-04-2017	30.82	9.72	9.72	पूर्ण
4	गुब्बा कोल्ड प्राइवेट लिमिटेड	रंगारेड्डी	12-04-2017	24.99	7.30	7.30	पूर्ण
5	प्राइमा फूडटेक प्राइवेट लिमिटेड	मेडक	24-01-2018	29.37	6.95	6.95	पूर्ण
6	श्रीनिवास फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड	मेडक	06-11-2018	34.99	5.24	5.24	पूर्ण
7	चंदना मिल्क प्रोडक्ट्स	विकाराबाद	06-11-2018	28.96	8.79	8.79	पूर्ण
8	करीमनगर मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड	करीमनगर	09-11-2018	63.06	9.82	9.82	पूर्ण
9	वल्लभ मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	याददारी भवनगिरी	22-07-2019	31.94	6.05	6.05	पूर्ण
10	स्नेहा फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड	महबूबनगर	31-03-2021	64.09	9.44	9.44	कार्यान्वयन के अंतर्गत
11	श्री कृपा आरजीआर एग्रोगैट्रोस	नालगोंडा	08-12-2022	36.22	9.36	2.22	कार्यान्वयन के अंतर्गत
12	वीएनआर डेयरी उत्पाद	नालगोंडा	08-12-2022	26.20	6.84	4.56	कार्यान्वयन के अंतर्गत

13	दादुस	मल्काजगिरि	08-12-2022	77.31	7.35	4.90	कार्यान्वयन के अंतर्गत
14	अलमंड हाउस प्राइवेट लिमिटेड	हैदराबाद	29-02-2024	56.81	7.62	5.08	कार्यान्वयन के अंतर्गत
15	अल क़वी फ्रोजन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	संगारेड्डी	24.09.2025	32.71	8.68	0.00	कार्यान्वयन के अंतर्गत
कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर के लिए अवसंरचना योजना (एपीसी)							
16	मेसर्स काकुमानु सीड्स	सिद्दीपेट	29.04.2020	39.8	7.43	5.02	कार्यान्वयन के अंतर्गत
17	मेसर्स महादेवी एग्रो मिल्स प्राइवेट लिमिटेड	सिद्दीपेट	10.11.2022	44.48	10	6.67	कार्यान्वयन के अंतर्गत
18	मेसर्स गायत्री एग्रो इंडस्ट्रियल पावर लिमिटेड	नालगोंडा	10.11.2022	23.39	5.82	3.88	कार्यान्वयन के अंतर्गत
19	मेसर्स राजेंद्र फीड्स एलएलपी	सिद्दीपेट	20.11.2023	44	10	0	कार्यान्वयन के अंतर्गत